## सार संक्षेप

### डांटने से आहत छात्र घर नहीं लौटा

**गाजियाबाद।** पढ़ाई के लिए डांटने पर घर से निकला छात्र एक महीने बाद भी वापस नहीं लौटा। परिजनों ने वेव सिटी थाने में शिकायत देकर छात्र की बरामदगी की गुहार लगाई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर छात्र की तलाश शुरू कर दी है। राजीवपुरम में रहने वाले अदालत सिंह यादव ने बताया कि उन्होंने अपने 16 वर्षीय बेटे अमित यादव को 14 जुलाई को पढ़ाई को लेकर डांट दिया था। इसके बाद अमित घर से चला गया और वापस नहीं लौटा। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने कहा कि शिकायत के आधार पर सात अगस्त को सूचना दर्ज कर छात्र की तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं।

### बाइक हटाने के विवाद में जानलेवा हमला

**गाजियाबाद।** मसूरी थानाक्षेत्र के रसूलपुर सिकरोड़ा में बाइक हटाने को लेकर हुए विवाद में चार लोगों ने युवक और उसके रिश्तेदार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में युवक के सिर में गंभीर चोट आई। खुशीराम शर्मा ने बताया कि प्रमोद के घर के सामने खड़ी बाइक हटाने को लेकर गौरव की लोगों से कहासुनी हो गई। आरोप है कि प्रमोद, राजन, अन्नू और रघुवीर ने गौरव के साथ मारपीट की। एसीपी मसूरी सुनील कुमार ने बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मेडिकल रिपोर्ट और घटना से जुड़े अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### गृहकर जमा करने पर मिलने वाली 20 फीसदी छूट की तिथि बढ़ाने की मांग

**गाजियाबाद।** नगर निगम पिछले वित्त वर्ष के बकायेदारों को गृहकर जमा करने पर 20 फीसदी छूट दे रहा है। यह छूट 14 अगस्त को खत्म हो रही है। पार्षद ने महापौर और नगर आयुक्त को पत्र लिखकर 20 फीसदी की छूट को 31 अगस्त तक बढ़ाने की मांग की है। वार्ड-88 के पार्षद नीरज गोयल ने बताया कि गृहकर की दरों को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। निगम ने गृहकर की नई दर जारी की है और पोर्टल में आवश्यक बदलाव किए है। इसके बाद सर्वेक्षण के आधार पर संपत्तियों को पोर्टल पर दर्ज किया जा रहा है। सभी संपत्ति पूरी तरह पोर्टल पर दर्ज नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में अनेक संपत्ति मालिक निगम के पोर्टल पर अपना गृहकर देखने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उनका विवरण पोर्टल पर उपलब्ध नहीं है। ऐसी स्थिति में संबंधित संपत्ति मालिक निर्धारित समय-सीमा के भीतर हाउस टैक्स जमा नहीं कर पा रहे हैं।

### पंचायत में साफ सफाई के निर्देश

**गाजियाबाद।** आगामी 15 अगस्त को लेकर पंचायत में तिरंगे का वितरण, साफ-सफाई से लेकर उचित पेयजल के प्रबंध करने के स्थानीय अधिकारियों को जिला पंचायती राज अधिकारी ने निर्देश दिए है। जिला पंचायती राज अधिकारी जाहिद हुसैन ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस को लेकर पंचायत में साफ-सफाई, उचित पेयजल व्यवस्था, तिरंगा वितरण कार्यक्रम को लेकर स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक कर ये सभी प्रबंध करने के निर्देश दिए। अधिकारी ने बताया कि सभी पंचायतों में तिरंगा का वितरण किया जाना है, इसको लेकर भी स्थानीय स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया है। 13 अगस्त तक सभी पंचायतों में तिरंगा का वितरण हो, इसके साथ ही पंचायतों में साफ-सफाई हो। अधिकारी ने बताया कि तिरंगे स्वयं सहायता समूहों द्वारा मुहैया कराए जा रहे।

### श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का अभिषेक किया

**ट्रांस हिंडन।** वैशाली सेक्टर-3 स्थित आदर्श पार्क में सोमवार को बाल सेवा ट्रस्ट आदर्श जन सेवा समिति की ओर से चल रहे शिव महिमा 1008 रुद्राभिषेक में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का अभिषेक किया। सुबह से ही आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। भक्तों ने मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव को जल, दूध और अन्य पूजन सामग्री अर्पित की। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि रुद्राभिषेक में श्रद्धालुओं ने परिवार और समाज की सुख-शांति के लिए भगवान शिव से प्रार्थना की। इस दौरान पूरा परिसर शिव भक्ति के जयकारों से गूंजता रहा। समिति के अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह भदोरिया, उपाध्यक्ष जयप्रकाश झा और सचिव विजय सिंह ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष विजय कुमार, डायरेक्टर अवधेश शर्मा, कोऑर्डिनेटर अभिषेक सिंह, तरुण गोयल, बृजेश श्रीवास्तव, राणा प्रताप सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

### विनोद दीक्षित की गेंदबाजी से डार्क हॉर्सेस विजेता

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित रेड एपल क्रिकेट मैदान पर खेले जा रहे रेड एपल कैश प्राइज टी 20 कप में डॉर्क हॉर्सेस टीम ने जीत हासिल की। टीम अल्फा को तीन विकेट से हार मिली। टीम अल्फा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट के नुकसान पर 157 रन बनाए। अश्वनी शर्मा ने सबसे अधिक 35 रन का योगदान दिया। विरोधी टीम से विनोद दीक्षित ने चार विकेट लिए। डार्क हॉर्सेस ने 18.5 ओवर में सात विकेट खोकर 159 रन बना लिए। सुक्खी ने 46, हरीश नेगी ने 34 और अभिषेक त्यागी ने 22 रन बनाए। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार विनोद दीक्षित को दिया गया।

### मकान का ताला तोड़कर नगदी और सामान चुराया

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर साइट सी स्थित एक मकान का ताला तोड़कर बदमाश नगदी और सामान चुरा ले गए। परिवार के लोग चंडीगढ़ बेटी को उसके कॉलेज छोड़ने गए थे। इसी बीच बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक साइट सी हाउसिंग सोसाइटी में प्राणनाथ पांडे परिवार के साथ रहते हैं। वह 30 जुलाई को अपनी बेटी को चंडीगढ़ उसके कॉलेज छोड़ने गए थे। इसके बाद वह तीन अगस्त को वापस घर लौटे तो दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो नगदी और कीमती सामान गायब मिला।

### महिला डॉक्टर का बैग वापस दिलाया

**ग्रेटर नोएडा।** गाजियाबाद के लाल कुआं से ग्रेनो वेस्ट आ रही महिला डॉक्टर का बैग ऑटो में छूट गया। महिला डॉक्टर ने घटना की जानकारी बिसरख पुलिस को दी। पुलिस ने कुछ ही देर में ऑटो का पता लगाकर बैग बरामद कर महिला डॉक्टर कर सुपुर्द कर दिया। बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार की दोपहर महिला डॉक्टर द्वारा सूचना दी गई कि लाल कुआं से लौटते समय वह अपना बैग एक ऑटो में भूल गई हैं। बैग में 25 हजार रुपये, एक आईपैड एक आईफोन तथा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे थे। सूचना प्राप्त होते ही थाना बिसरख पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित ऑटो की तलाश कर बैग को बरामद किया गया।

कांवड़ यात्रा के चलते दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर भीषण जाम, वाहन चालकों को हो रही परेशानी

# डाक कांवड़ियों की बढ़ती संख्या से चरमराई यातायात व्यवस्था

संतोष कुमार दीक्षित। गाजियाबाद





कांवड़ यात्रा के अंतिम चरण में सोमवार को शिवभक्तों की बढ़ती भीड़ के चलते गाजियाबाद की यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई। सावन के दूसरे सोमवार और डाक कांवड़ियों के सैलाब के कारण दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे (डीएमई), मेरठ-गाजियाबाद रोड, जीटी रोड, मेरठ तिराहा और नया बस अड्डा समेत कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों की रफ्तार थम गई। सुबह से ही कई स्थानों पर वाहन रेंगते नजर आए और कुछ मार्गों पर कई किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई। सबसे ज्यादा परेशानी दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर देखने को मिली। गाजियाबाद से नोएडा की ओर जाने वाले मार्ग पर वाहनों की गति बेहद धीमी रही। कांवड़ियों की आवाजाही बढ़ने के साथ कई स्थानों पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया। जल लेकर गंतव्य की ओर लौट रहे कांवड़ियों के जत्थों के कारण एक्सप्रेसवे की कई लेन में वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई।

**डाक कांवड़ की रफ्तार ने बढ़ाया दबाव:** कांवड़ यात्रा के अंतिम चरण में डाक कांवड़ियों की रफ्तार सबसे ज्यादा दिखाई दे रही है। तेज गति से दौड़ते डाक कांवड़ियों के जत्थे अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। वहीं पैदल कांवड़ लेकर चल रहे शिवभक्त भजनों और डीजे की धुन पर उत्साह के साथ यात्रा पूरी कर रहे हैं। सड़कों पर उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब और जगह-जगह गूंज रहा 'हर-हर महादेव' का जयघोष कांवड़ यात्रा के माहौल को भक्तिमय बना रहा है। कांवड़ मार्गों से गुजरने वाले लोग भी बड़ी संख्या में इस धार्मिक यात्रा को देखने पहुंच रहे हैं और कई स्थानों पर शिवभक्तों की सेवा कर रहे हैं।

**मेरठ तिराहे से कई वाहनों की आवाजाही पर रोक:** कांवड़ यात्रा को देखते हुए यातायात पुलिस ने कई मार्गों पर डायवर्जन और प्रतिबंध लागू किए हैं। लालकुआं की ओर से जीटी रोड आने वाले हल्के वाहनों को भी कुछ मार्गों पर रोका गया है। मेरठ तिराहे से कांवड़ियों को छोड़कर अन्य वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया गया है। मेरठ-गाजियाबाद रोड के अधिकांश कटों को बैरिकेडिंग कर बंद कर दिया गया है, ताकि कांवड़ियों के जत्थों को सुरक्षित तरीके से निकाला जा सके। केला भट्टा स्थित दूधेश्वर मंदिर में भी सोमवार को श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की संख्या अचानक बढ़ गई। बड़ी संख्या में शिवभक्तों के पहुंचने से मेरठ तिराहा, नया बस अड्डा, फ्लाईओवर और जीटी रोड पर यातायात का दबाव बढ़ गया।

### आज शिवालयों में चढ़ेगा गंगाजल

कांवड़िए हरिद्वार और अन्य गंगाघाटों से गंगाजल लेकर अपने-अपने गंतव्य की ओर लौट रहे हैं। 11 अगस्त को महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवालयों में कांवड़ियों द्वारा गंगाजल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा। इसके चलते सोमवार को कांवड़ियों की वापसी का दबाव और बढ़ गया है। पुलिस-प्रशासन की ओर से कांवड़ मार्गों पर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। अधिकारियों की निगरानी में प्रमुख चौराहों और मार्गों पर बैरिकेडिंग तथा डायवर्जन के जरिए यातायात को नियंत्रित किया जा रहा है।

### दिल्ली की ओर से डीएमई पर वाहनों का संचालन जारी

दिल्ली की ओर से डीएमई के रास्ते मेरठ जाने वाले वाहनों को पूरी तरह नहीं रोका गया है। दिल्ली की तरफ से आने वाले वाहनों को डासना कट से नियंत्रित कर निकाला जा रहा है। वहीं मेरठ की ओर काशी टोल प्लाजा पर वाहनों को रोककर यातायात को नियंत्रित किया जा रहा है। डीएमई के दिल्ली की ओर जाने वाले हिस्से में कांवड़ियों की आवाजाही के कारण यातायात का दबाव बना हुआ है। दूसरी ओर दिल्ली से आने वाले हाईवे और डीएमई के यातायात का संचालन जारी रहने से कई हिस्सों में वाहनों की लंबी कतार देखने को मिली।

# सुरक्षाकर्मी की गोली से किशोर की मौत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



साहिबाबाद थाना क्षेत्र के अर्थला स्थित निर्माणाधीन इमारत में तैनात सुरक्षाकर्मी ने लोहा चोरी करके भाग रहे किशोर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। किशोर की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कारतूस का छर्रा सिर में लगने से मौत होने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने आरोपी सुरक्षाकर्मी को हिरासत में लिया है। अर्थला की नीलमणी कॉलोनी में रहने वाला 17 वर्षीय समीर रविवार को अपने एक दोस्त के साथ अर्थला स्थित निर्माणकर्ता पार्श्वनाथ की एक निमार्णाधीन साइट पर गया था। जहां तैनात सुरक्षाकर्मी ने उसे गोली मार दी। समीर की कमर में कारतूस के छर्रे लगे। इसके बाद भी समीर भागता रहा और आगे जाकर गिर गया। हालांकि इस दौरान उसका दोस्त भाग निकला। गंभीर रूप से घायल समीर को एमएमजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में समीर की मौत सिर में लगे छर्रे के कारण होने की पुष्टि हुई है। छर्रा सिर की हड्डी को तोड़ते हुए अंदर घुस गया था, जिससे उसकी मौत हुई। जानकारों का कहना है कि सामान्य तौर पर कारतूस के छर्रे हड्डी को नहीं तोड़ पाते हैं। हो सकता है कि गोली काफी पास से चलाई गई हो, जिसके कारण एक छर्रा सिर की मजबूत हड्डी को तोड़ते हुए अंदर घुस गया। हिरासत में लिए गए सुरक्षाकर्मी ने पुलिस को बताया कि समीर अपने दोस्त के साथ इमारत से लोहा चोरी करके ले जा रहा था। रोकने पर भी वह नहीं रुका, जिसके चलते उसने गोली चलाई थी। उसने समीर पर सीधे गोली नहीं चलाई थी, लेकिन गोली के छर्रे उसे लग गए।

**परिजनों ने थाने पर दूसरी तहरीर दी:** मामले में समीर के परिजनों की ओर से रविवार को तहरीर थाने में दी गई थी, लेकिन शिकायत में कई बातें विरोधाभासी थीं, जिसके चलते परिवार ने पहली तहरीर वापस लेकर सोमवार को थाने पर दोबारा तहरीर दी। पुलिस दूसरी तहरीर में लगाए गए आरोपों की जांच कर रही है।

**पता चले चौंकाने वाले तथ्य:** पुलिस की प्राथमिक जांच में पता चला है कि आरोपी सुरक्षाकर्मी दो अगस्त से ही नौकरी पर आया था। उसे पता चला कि इमारत से लगातार लोहा चोरी हो रहा है। उसने चोरियों को रोकने का प्रयास किया, जिसके चलते उसकी कुछ युवकों से झड़प भी हुई थी। चोरी करने वालों ने वहां तैनात एक गार्ड को भी ईंट मारकर घायल कर दिया था, लेकिन मामले में पुलिस से शिकायत नहीं की गई थी। पुलिस जांच में यह भी पता चला है कि कुछ समय पहले तक कुछ युवक इमारत में तैनात सुरक्षाकर्मी से सांठगांठ करके लोहा चोरी करते थे। लगातार चोरी की वारदातों से परेशान होकर निर्माणकर्ता ने कई सुरक्षाकर्मियों को बदल दिया था।

# जिला अस्पताल में तीन दिन बाद फिर फॉल्स सीलिंग गिरी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल के तीसरे तल पर रविवार रात कई फॉल्स सीलिंग गिरी। राहत की बात यह रही कि उस दौरान वहां कोई नहीं था। अस्पताल के स्त्री रोग विभाग के गलियारे में काफी मात्रा में फॉल्स सीलिंग गिरने से ऑपरेशन थियेटर चौथी मंजिल पर स्थानांतरित कर दिया गया।

तीन दिन में फॉल्स सीलिंग गिरने की यह दूसरी घटना है। छत से पानी आने के कारण काफी सीलन हो गई थी, जिसे फॉल्स सीलिंग गिरने का कारण माना जा रहा है। दो दिन पहले भी फॉल्स सीलिंग गिरी थी। इस गलियारे में फॉल्स सीलिंग सही करने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके बाद ही इस तल पर सिजेरियन प्रसव हो सकेंगे। तीसरे तल पर महिला रोग विभाग की ओपीडी चलेगी, जबकि सिजेरियन ऑपरेशन चौथे तल पर होंगे। इस तल पर सभी विभाग के ऑपरेशन थियेटर हैं।

दो हफ्ते पहले सेक्टर-30 स्थित बाल चिकित्सालय के आपातकालीन विभाग में दो बार फॉल्स सीलिंग गिरी थी, जिसमें एक स्वास्थ्यकर्मी को चोट आई थी। जिला अस्पताल और बाल चिकित्सालय दोनों भवनों का निर्माण प्राधिकरण ने कराया था।

जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अशोक कुमार झा ने बताया कि फॉल्स सीलिंग गिरी थी, जिसे ठीक कराया जा रहा है। फॉल्स सीलिंग लगने तक वैकल्पिक व्यवस्था की गई है ताकि मरीजों को किसी भी तरह की परेशानी न हो।

# गौशाला खाली कराने के लिए 50 लाख की रंगदारी मांगी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

सिहानी गेट थानाक्षेत्र में गौशाला खाली कराने को लेकर एक परिवार को धमकाने और 50 लाख की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने मामा और उनके परिजनों समेत पांच लोगों पर आरोप लगाया है। पीड़िता के मुताबिक विरोध करने पर आरोपियों में शामिल एक महिला रॉड लेकर गौशाला पहुंची और उस पर हमला कर सिर फोड़ दिया। लाल क्वार्टर निवासी शैल शिखा भारद्वाज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी मां अनीता को उनके नाना ने कुछ गायों के साथ एक गौशाला दी थी। आरोप है कि पिछले कुछ वर्षों से उनके मामा नंदकिशोर और उनके परिजन गौशाला खाली कराने का दबाव बना रहे हैं। आरोपियों ने पूर्व में गौशाला में मांस रखकर धार्मिक भावनाएं भड़काने और भीड़ जुटाकर उसके पिता और भाई की मॉब लिंचिंग कराने का प्रयास किया था। इस मामले में सिहानी गेट थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। तत्कालीन थाना प्रभारी ने मामले की जांच के बाद ममेरी बहन छाया शर्मा और योगेश चौधरी समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजा था। इसी पुराने विवाद के चलते आरोपियों की ओर से लगातार गौशाला खाली करने का दबाव बनाया जा रहा है।

शिकायत के अनुसार, सात अगस्त की सुबह ममेरी बहन ने उनके साथ मारपीट की, रॉड से सिर पर वार किया। आरोप है कि उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपियों ने कहा कि 50 लाख रुपये दो, नहीं तो गौशाला खाली करके यहां से चले जाओ।

### सोसाइटी में कहासुनी के बाद दो पक्ष भिड़े

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र की लोटस पार्क सोसाइटी में रविवार को आपसी कहासुनी के बाद दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। पीड़ित ने पांच लोगों पर पीटने का आरोप लगाया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस के मुताबिक सोसाइटी में रहने वाले दिनेश कुमार ने बताया कि रविवार को सोसाइटी में दूसरे पक्ष से उनका विवाद हो गया।

# दोपहिया वाहन चुराने वाला गिरफ्तार, चार बाइक बरामद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर कोतवाली पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर चोरी की चार बाइक बरामद की हैं। आरोपी चोरी की एक बाइक पर कार की फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूम रहा था। पूछताछ में आरोपी ने नगर कोतवाली, नंदग्राम और दिल्ली के शाहदरा क्षेत्र से बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की। इनमें से दो बाइक के पहिये और अन्य पुर्जे वह कबाड़ियों को बेच चुका था। एसीपी कोतवाली उपासना पांडेय ने बताया कि कांवड़ यात्रा के मद्देनजर नगर कोतवाली पुलिस रविवार देर रात रमतेराम रोड पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक युवक बाइक पर आता दिखाई दिया। पुलिस को देख उसने कुछ दूर पहले बाइक रोककर वापस मुड़ने का प्रयास किया। शक होने पर पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान नंदग्राम थानाक्षेत्र के आश्रम रोड त्यागी मार्केट निवासी 37 वर्षीय गौरव त्यागी के रूप में हुई। उसके पास मौजूद बाइक पर आगे-पीछे नंबर प्लेट नहीं थी। जांच में पता चला कि बाइक के चोरी होने के संबंध में 21 जून को दिल्ली के शाहदरा थाने में मुकदमा दर्ज है। आरोपी बाइक के कागजात भी नहीं दिखा सका।

EMBASSY

**Lucina Land Development Limited**
(CIN: U70109DL2006PLC151260)

**Extract of Unaudited Financial Results for the quarter ended 30 June 2026**

( ₹ in million)

| Sl. No. | Particulars | Quarter ended 30 June 2026 (Unaudited) | Corresponding quarter ended 30 June 2025 (Unaudited) | Previous year ended 31 March 2026 (Audited) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 4.88 | 11.43 | 27.67 |
| 2 | Net Profit/ (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items) | (114.97) | (74.91) | (557.73) |
| 3 | Net Profit/ (Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items) | (114.97) | (74.91) | (560.02) |
| 4 | Net Profit/ (Loss) for the period after Tax, (after Exceptional and/ or Extraordinary items) | (114.97) | (74.91) | (570.70) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (114.97) | (74.91) | (576.44) |
| 6 | Paid up Equity Share Capital | 0.50 | 0.50 | 0.50 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | (11,410.61) | (10,874.55) | (11,316.43) |
| 8 | Securities Premium Account | - | - | - |
| 9 | Net Worth | (11,133.66) | (10,597.60) | (11,039.58) |
| 10 | Paid up Debt Capital / Outstanding Debt | 16,725.89 | 12,850.25 | 15,116.93 |
| 11 | Outstanding Redeemable Preference Share | - | - | - |
| 12 | Debt Equity Ratio* | - | - | - |
| 13 | Earnings per Share(EPS)(Face value Per Share ₹10 each)(for continuing and discontinued operations)- | | | |
| | - Basic (Amount in ₹ ) | (2,299.20) | (1,498.25) | (11,411.12) |
| | - Diluted (Amount in ₹ ) | (2,299.20) | (1,498.25) | (11,411.12) |
| 14 | Capital Redemption Reserve* | - | - | - |
| 15 | Debenture Redemption Reserve | - | - | - |
| 16 | Debt Service Coverage Ratio** | - | - | - |
| 17 | Interest Service Coverage Ratio | (0.43) | (2.02) | (1.56) |
| 18 | Current ratio (In times) | 0.82 | 0.55 | 0.72 |
| 19 | Total debts to total assets | 1.03 | 1.11 | 1.03 |
| 20 | Long term debt to working capital (In times)# | - | - | - |
| 21 | Bad debt to account receivable ratio (In %) | 0.00 | - | 0.00 |
| 22 | Current liability ratio (In times) | 0.72 | 0.95 | 0.78 |
| 23 | Debtor turnover ratio (In times) | 0.10 | 0.20 | 0.57 |
| 24 | Inventory turnover ratio (In times)*** | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 25 | Operating margin (In %) | - | 88.42 | 3.87 |
| 26 | Net profit margin (In %) | (287.73) | (579.72) | (389.55) |

* Ratio can not be calculated due to negative average shareholders funds.
** Ratio can not be calculated due to negative earning available for debt service.
# Ratio can not be calculated due to negative working capital.
*** ₹ 0.00 means less than ₹ 0.01 Million

**Notes :**
1. The above results have been reviewed and approved by the Board of Directors ('the Board') at its meeting held on 10 August 2026.
2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly / Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 52(8), read with 52(4) of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/ Annual Financial Results are available on the Company's website (https://embassyindia.com/tcl/) and on the website of BSE (https://www.bseindia.com) and NSE (https://www.nseindia.com).

**Registered Office:** Office no 202, 2nd Floor,A-18 Rama House, Middle Circle, Connaught Place , New Delhi- 110 001.

Place : New Delhi
Date : 10 August 2026

**For and on behalf of the Board of Directors**

**Meyyappan Ramanathan**
**Whole-time director**

EMBASSY

**Embassy Developments Limited**
**(Formerly known as Equinox India Developments Limited)**
**CIN:L45101HR2006PLC095409**

**Statement of Unaudited Financial Results (Standalone and Consolidated) for the quarter ended 30 June 2026**

The Board of Directors of the Company, at the meeting held on August 10, 2026, approved the unaudited financial results of the company for the quarter ended June 30, 2026 ("Financial Results").

The Financials along with the Limited Review Report, have been posted on the company's website (https://embassyindia.com) and on the website of BSE (https://www.bseindia.com) and NSE (https://www.nseindia.com) and can be assessed by scanning the QR Code.

**For and on behalf of the Board of Directors**

Place : Bengaluru
Date : August 10, 2026

**Aditya Virwani**
**Managing Director**

**Note :** The above intimation is in accordance with the Regulation 33 read with Regulation 47 (1) of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.